

# बॉर्डर 2 का गाना बना इंटरनेट सेंसेशन

## 'घर कब आओगे' ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

फिल्म बॉर्डर 2 का गीत 'घर कब आओगे' ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों के दिलों पर कब्ज़ा कर लिया है. अपने भव्य स्तर, आत्मा को छू लेने वाली धुन, देशभक्ति की भावना और एक सार्वभौमिक सवाल - 'घर कब आओगे?' - के साथ यह गीत तेज़ी से सबसे ज़्यादा चर्चित म्यूज़िकल मोमेंट्स में से एक बनकर उभरा है. इस गाने को मिला रिस्पॉन्स वाकई अभूतपूर्व रहा है. म्यूज़िक वीडियो के रिलीज़ होने के सिर्फ़ 30 मिनट के भीतर ही 'घर कब आओगे' ने यूट्यूब पर एक मिलियन व्यूज़ पार कर लिए, वहीं तीन घंटे के अंदर यह यूट्यूब ट्रेंडिंग में #1 स्थान पर पहुंच गया. सोशल मीडिया पर फैन्स इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि किस कलाकार की कौन-सी पंक्ति ने उन्हें सबसे ज़्यादा भावुक किया.

दिलजीत दोसांझ, विशाल मिश्रा, सोनू निगम, अरिजीत सिंह और रूप कुमार राठौड़ की आवाज़ों से सजा यह गीत, हर सिंगर की अलग-अलग भावना और गहराई के लिए सराहा जा रहा है - एक ऐसा शानदार सहयोग जहाँ हर परफॉर्मेंस अपनी अलग पहचान बनाती है.

अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित बॉर्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और अन्या सिंह शामिल हैं.फिल्म बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है. इस फिल्म को जेपी दत्ता और निधि दत्ता ने टी-सीरीज के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है. फिल्म में वरुण धवन और सनी देओल के साथ दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी नजर आएंगे. यह फिल्म 23 जनवरी को रिलीज होगी.बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' अब सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है, और इसका म्यूज़िक वीडियो विशेष रूप से टी-सीरीज़ के यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है.

# नुपूर ने स्टेबिन से की सगाई

## कृति बोलीं- मैं बहुत रोने वाली हूं



नुपूर सेनन और स्टेबिन बेन की सगाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गईं. नुपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'शायदों से भरी इस दुनिया में, मैंने अब तक का सबसे आसान 'हां' ढूंढ लिया.' सगाई की इस घड़ी में नुपूर और स्टेबिन की खुशी साफ झलक रही थी.

नुपूर की बहन कृति सेनन ने पोस्ट शेयर करते हुए अपनी भावनाओं को व्यक्त किया और लिखा 'आह, मैं बहुत ज्यादा रोने वाली हूं . नुपूर और स्टेबिन की शादी 11 जनवरी को उदयपुर में आयोजित की जाएगी. शादी समारोह को प्राइवेट रखा गया है, जिसमें केवल करीबी परिवार और दोस्त ही शामिल होंगे. इंडस्ट्री के लोगों को मुंबई में रिसेप्शन पार्टी में आमंत्रित किया जाएगा.

सुरक्षा की दृष्टि से यह समारोह पूरी तरह व्यवस्थित रखा जाएगा. स्टेबिन बेन ने पहले ही अपने इंटरव्यू में कहा था कि उनका रिश्ता नुपूर के साथ बेहद मजबूत और खास है. उन्होंने बताया कि उन्होंने नुपूर के साथ काफी समय बिताया है और उनके बीच का बंधन गहरा और अनोखा है. वहीं, नुपूर सेनन ने म्यूजिक और एक्टिंग दोनों में अपने करियर की शुरुआत की थी. उन्होंने साल 2019 में बी प्राक के म्यूजिक वीडियो 'फिलहाल' से डेब्यू किया और उसके बाद कई प्रोजेक्ट्स में काम किया.

नुपूर सेनन 2026 में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में 'नूरानी चेहरा' से अपना डेब्यू करेंगी, जबकि स्टेबिन म्यूजिक इंडस्ट्री में 2018 से सक्रिय हैं. दोनों का रिश्ता इंडस्ट्री के लिए भी प्रेरणास्पद माना जा रहा है.

# इब्राहिम संग सारा ने बर्फ में बिताए पल



सारा अली खान और इब्राहिम अली खान की वेकेशन फोटोज़ सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई हैं. सारा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह अपने लाडले भाई इब्राहिम के साथ मस्ती करती दिख रही हैं. फैंस इन दोनों की प्यारी बॉन्डिंग देखकर बेहद खुश हैं. पहली तस्वीर में सारा अपने भाई के कंधे पर बैठकर क्यूट पोज़ देती नजर आ रही हैं, जबकि इब्राहिम भी खुशी और रिलैक्स महसूस कर रहे हैं. सारा ने बर्फीली वादियों में कई स्टनिंग पोज़ दिए. उनका विंटर फैशन भी ऑन पॉइंट है, और हर तस्वीर में वह फ्रेश और खूबसूरत लग रही हैं. वेकेशन की एक तस्वीर में सारा चाय या कॉफी का आनंद लेते हुए देखी गई. यह हर पल का मज़ा लेने वाली उनकी अंदाज़ का हिस्सा है. सारा और इब्राहिम की फोटोज़ देखकर फैंस को दोनों के बीच के रिश्ते की मिठास और प्यार साफ नजर आ रहा है.

### आशीष ने की एकाकी चैप्टर 4 की घोषणा

**डिजिटल** एंटरटेनर आशीष चंचलानी ने वेब सीरीज एकाकी चैप्टर 4 की घोषणा कर दी है. आशीष चंचलानी ने अपनी पहली वेब सीरीज़, एकाकी के साथ फिल्म मेकिंग में कदम रखकर एक नये अध्याय की शुरूआत की है.हॉरर, कॉमेडी और थ्रिल का मिश्रण, इस सीरीज़ ने डिजिटल दुनिया में धूम मचा दी है.तीन शानदार चैप्टर के बाद, अब चौथा चैप्टर रिलीज़ होने वाला है. आशीष चंचलानी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो के साथ घोषणा की कि एकाकी चैप्टर 4, 5 जनवरी को दोपहर 2:04 बजे रिलीज़ होगा.आशीष चंचलानी एकाकी में कई भूमिकाएं निभा रहे हैं, वह इसके राइटर, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और लीड एक्टर हैं, जो उनके क्रिएटिव विज़न के पैमाने को दिखाता है. यह सीरीज़ उनकी करीबी टीम के साथ एक रीयूनियन भी है.

## टेलीविजन हलचल

### एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया अपना अंदाज



नया साल नई शुरुआत, नई उम्मीदों और नए संकल्पों का प्रतीक होता है. साल 2026 का स्वागत सकारात्मक सोच और उद्देश्य के साथ करते हुए एण्डटीवी के लोकप्रिय कलाकारों ने साझा किया कि नए साल में वे सबसे पहले क्या करना चाहते हैं. इन कलाकारों में शामिल हैं- पारस अरोड़ा ('घरवाली पेड़वाली' का जीतू), हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा) और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी). 'घरवाली पेड़वाली' में जीतू का किरदार निभा रहे पारस अरोड़ा कहते हैं, '2026 में मैं सबसे पहले कोई नया म्यूज़िकल इंस्ट्रूमें ट सीखना चाहता हूं, खासतौर पर गिटार. मुझे संगीत से हमेशा लगाव रहा है. यह मुझे सुकून देता है और अभिनय से अलग अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का मौका देता है. नए साल में मैं खुद को एक नई चुनौती देना चाहता हूं, कुछ नया सीखना चाहता हूं और अपने वर्क कमिटमेंट्स के साथ ही अपने व्यक्तिगत विकास पर भी ध्यान देना चाहता हूं.' 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रहीं हिमानी शिवपुरी कहती हैं, 'नए साल 2026 में सबसे पहले मैं एक पेड़ लगाना चाहती हूं. मेरा मानना है कि छोटे-छोटे कदम भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं. नए साल की शुरुआत प्रकृति के लिए कुछ करके करना मेरे लिए खास है. मैं इसे हर साल की परंपरा बनाना चाहती हूं. इसके बाद मैं अपने लक्ष्यों और कृतज्ञता पर कुछ लिखने में समय बिताऊंगी और फिर एक लंबी मॉर्निंग वॉक पर जाऊंगी, ताकि साल की शुरुआत सही ऊर्जा के साथ हो सके.'

### गोकुलधाम में सजी यादों की रंगीन बारात



नए साल के मौके पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा का एपिसोड 4598 दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव लेकर आया. गोकुलधाम में सजी 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र की फिल्मों के किरदारों को जीता गया. भिड़े और माधवी ने सबसे पहले स्टेज पर कदम रखा और फिल्म 'जुगनू' के अशोक रॉय और सीमा के किरदार निभाए. इसके बाद रोशन की जोड़ी, डॉक्टर हाथी और उनकी पत्नी, नट्टू काका और अब्दुल राम-बलराम, बाघा और बावरी, अंजलि और तारक मेहता, चंपक चाचा और जेठालाल ने भी धर्मेंद्र की फिल्मों के किरदारों को अपनाया. इस मौके पर सिंकेत भोसले ने कार्यक्रम को होस्ट किया और धर्मेंद्र की अदाकारी, उनकी फिल्मों और उनके योगदान के बारे में दर्शकों को बताया. उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र की अदाकारी का जादू हर किसी को मोहित कर देता है और उनके किरदार आज भी लोगों के दिलों में बसी हुई हैं. दर्शकों ने स्टेज पर परफॉर्मेंस और डांस का आनंद लिया.

धर्मेंद्र की फिल्मों के गानों पर स्टेज पर गोकुलधाम वाले झूमते नजर आए. अंजलि और तारक मेहता ने 'प्यार ही प्यार' के किरदार निभाए, जबकि चंपक चाचा धर्मेंद्र की फिल्म 'दोस्त' के मानव बनकर आए. जेठालाल भी प्रतिज्ञा के देवेंद्र सिंह के किरदार में स्टेज पर उपस्थित हुए. यह एपिसोड दर्शकों के लिए मनोरंजन और यादों का अनोखा मिश्रण लेकर आया. गोकुलधाम में नए साल का जश्न यादों और मस्ती के साथ मनाया गया. आने वाले एपिसोड में दर्शक देखेंगे कि गोकुलधाम वाले धर्मेंद्र बनकर स्टेज पर डांस और मस्ती के साथ धूम मचाएंगे. तारक मेहता का उल्टा चश्मा का यह एपिसोड फैंस के लिए खास इसलिए भी था क्योंकि इसमें कॉमेडी और ट्रिब्यूट का सुंदर संगम देखने को मिला. धर्मेंद्र की याद में सजी यह बारात दर्शकों के दिलों में लंबे समय तक याद रहेगी.



# टॉक्सिक से तारा सुतारिया का लुक रिलीज

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपर स्टार यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स से तारा सुतारिया का लुक रिलीज हो गया है. कियारा आडवाणी की खूबसूरत लेकिन उदास नादिया, हुमा कुरैशी की रहस्यमयी और ग्लैमरस एलिज़ाबेथ और नयनतारा की खतरनाक गंगा के दमदार फर्स्ट लुक्स के बाद टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स से तारा सुतारिया का लुक रिलीज कर दिया गया है. वह इस फिल्म में रेबेका के रूप में नजर आएंगी.

तारा सुतारिया के लिए यह फिल्म पैन-इंडिया स्पेस में उनका पहला कदम है, जो उनके करियर का एक बोल्ड और नया चैप्टर साबित होने वाला है.रेबेका खूबसूरत भी है और एलिगेंट भी, लेकिन ताकत और बंदूकें उसके लिए ऐसे हैं जैसे जन्मसिद्ध अधिकार. खुद को बचाए रखने की उसकी फितरत ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है. फर्स्ट-लुक पोस्टर में रेबेका सुनहरी अव्यवस्था के बीच ट्रिगर फिंगर के साथ नजर आती हैं.

# ऑस्कर लॉबिंग चुनौती : विशाल



**फि**ल्म 'होमबाउंड' के ऑस्कर में शॉर्टलिस्ट होने के बाद अभिनेता विशाल जेठवा ने अपने अनुभव को साझा किया. उन्होंने बताया कि खबर मिलने के बाद उन्होंने सबसे पहले अपनी मां को वीडियो कॉल किया. इसके बाद उन्होंने निर्देशक नीरज घेवान से बात की. विशाल ने कहा कि खुशी तो बहुत होती है, लेकिन उसे प्रोसेस करने में समय लगता है और शब्दों में बयान करना आसान नहीं होता.

विशाल ने अमेरिका में फिल्म लॉबिंग के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि विदेश में फिल्म को प्रमोट करना चुनौतीपूर्ण होता है. लंबी फ्लाइट्स, समय क्षेत्र का अंतर और शाकाहारी भोजन की उपलब्धता जैसी समस्याएं आती हैं. हालांकि, उन्होंने बताया कि टीम और धर्मा प्रोडक्शन के मार्गदर्शन में यह अनुभव सहज और यादगार बन गया. उन्होंने कहा कि फिल्म को लोगों तक पहुंचाने के लिए टीम का योगदान बेहद अहम है. विशाल का मानना है कि सिनेमा में अपनी संस्कृति और वास्तविकता को दिखाना महत्वपूर्ण है. उन्होंने बताया कि यदि हम खुद को दूसरों के अनुसार ढालने की कोशिश करेंगे, तो हमारी पहचान खो जाएगी.

## यंग इंडिया

# एसबीआई भर्ती 2026: अंतिम तिथि बढ़ी

**भा**रतीय स्टेट बैंक ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर स्पेशलिस्ट ऑफिसर पदों के लिए भर्ती 2026 की अधिसूचना जारी की है, जिसमें कुल 996 पद उपलब्ध हैं. इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 2 दिसंबर 2025 से शुरू हुई थी और इसे बढ़ाकर अब उम्मीदवार 10 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

इस भर्ती में उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 42 वर्ष निर्धारित की गई है, जो 1 मई 2025 को मान्य होगी. भर्ती में उपलब्ध पदों में मुख्य रूप से वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ (सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर) के 506 पद, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ (रिलेशनशिप मैनेजर) के 206 पद और कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव के 284 पद शामिल हैं. वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ के लिए उम्मीदवारों के पास स्नातक की डिग्री और कम से कम छह वर्ष का संबंधित कार्य अनुभव होना अनिवार्य है, जबकि असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट वेल्थ के लिए तीन वर्ष का अनुभव पर्याप्त है. कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री आवश्यक है.

आवेदन शुल्क सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 750 रुपये है और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क नहीं है. शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस या मोबाइल वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है. चयन प्रक्रिया में उम्मीदवारों का शॉर्टलिस्टिंग, साक्षात्कार, दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सीय परीक्षा के आधार पर चयन किया जाएगा.

इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना ध्यानपूर्वक पढ़ें और सभी दस्तावेज़ तैयार रखें. परीक्षा तिथि और परिणाम की जानकारी बाद में वेबसाइट पर जारी की जाएगी.

# यूपी पुलिस में नौकरी का बड़ा मौका

## 32,679 पदों पर भर्ती

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने वर्ष 2026 के लिए कांस्टेबल भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है. इस भर्ती के तहत कुल 32,679 पदों पर नियुक्ति की जाएगी, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन 31 दिसंबर 2025 से शुरू हो चुके हैं. इच्छुक अभ्यर्थी 30 जनवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं.

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे और अंतिम तिथि के बाद कोई भी प्रार्थना पत्र मान्य नहीं होगा. इस भर्ती में आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमीडिएट यानी 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है. आयु सीमा के अनुसार न्यूनतम आयु 18 वर्ष रखी गई है. पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 22 वर्ष तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए 25 वर्ष निर्धारित की गई है. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को शासन के नियमों के अनुसार आयु में छूट का प्रावधान भी दिया गया है.

श्रेणीवार पदों की बात करें तो सामान्य वर्ग के लिए 13,093 पद, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 3,264 पद, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 8,818 पद, अनुसूचित जाति के लिए 6,857 पद और अनुसूचित जनजाति के लिए 647 पद निर्धारित किए गए हैं. इन पदों में सिविल पुलिस, पीएसी, सशस्त्र पुलिस, विशेष सुरक्षा बल, घुड़सवार दस्ता तथा जेल वार्डर जैसे विभिन्न पद शामिल हैं.

आवेदन शुल्क सामान्य, आर्थिक रूप से कमजोर और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपये तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 400 रुपये रखा गया है, जिसका भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा. शारीरिक मानकों के तहत पुरुष अभ्यर्थियों के लिए सामान्य वर्ग में न्यूनतम लंबाई 168 सेंटीमीटर और सीना 79 से 84 सेंटीमीटर होना आवश्यक है, जबकि महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम लंबाई 152 सेंटीमीटर और वजन 40 किलोग्राम निर्धारित किया गया है. शारीरिक दक्षता परीक्षा में पुरुषों को 4.8 किलोमीटर की दौड़ 25 मिनट में और महिलाओं को 2.4 किलोमीटर की दौड़ 14 मिनट में पूरी करनी होगी.

# नौसेना में अधिकारी बनने का अवसर

## 10+2 बीटेक कैडेट एंट्री का नोटिफिकेशन जारी

**भा**रतीय नौसेना ने जुलाई 2026 बैच के लिए 10+2 बीटेक कैडेट एंट्री योजना के अंतर्गत भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है. इस योजना के तहत कुल 44 पदों पर अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 3 जनवरी 2026 से शुरू हो चुकी है और इच्छुक अभ्यर्थी 19 जनवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं.

नौसेना की इस भर्ती को इंजीनियरिंग क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर माना जा रहा है. इस भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों का जन्म 2 जनवरी 2007 से 1 जुलाई 2009 के बीच होना अनिवार्य है. आयु सीमा भारतीय नौसेना के नियमों के अनुसार तय की गई है और पात्र अभ्यर्थियों को नियमानुसार छूट भी दी जाएगी. आवेदन के लिए किसी भी वर्ग के अभ्यर्थी से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, जिससे यह भर्ती सभी योग्य युवाओं के लिए समान रूप से सुलभ बनती है.

शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित विषयों के साथ 12वीं कक्षा में न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है. इसके अलावा 10वीं या 12वीं कक्षा में अंग्रेज़ी विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है. साथ ही अभ्यर्थी का संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) 2025 में शामिल होना और अखिल भारतीय सामान्य रैंक सूची में वैध रैंक होना जरूरी है.

इस भर्ती के तहत कार्यकारी और तकनीकी शाखा, जिसमें इंजीनियरिंग एवं विद्युत शाखा शामिल है, के लिए कुल 44 पद निर्धारित किए गए हैं. चयन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी रखी गई है.



# एसएससी तकनीकी पुरुष भर्ती 2026

**भा**रतीय सेना ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर 67वीं पुरुष अप्रैल बैच 2026 के लिए एसएससी तकनीकी भर्ती की छोटी सूचना जारी की है, जिसमें कुल 350 पद उपलब्ध हैं. इस भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवार 7 जनवरी 2026 से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है.

इस भर्ती में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु सीमा 20 वर्ष से 27 वर्ष तक होनी चाहिए, जो 1 अक्टूबर 2026 को मान्य होगी, और उम्मीदवारों का जन्म 1 अप्रैल 1999 से 31 मार्च 2006 के बीच होना अनिवार्य है. किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या कॉलेज से स्नातक डिग्री रखने वाले उम्मीदवार ही इस भर्ती के लिए पात्र हैं.

आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और उम्मीदवार भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना आवेदन भर सकते हैं. आवेदन करते समय सभी जानकारी सही-सही भरना अनिवार्य है और अंतिम तिथि से पहले आवेदन पूरा करना आवश्यक है. इस भर्ती में आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा.

चयन प्रक्रिया में उम्मीदवारों का शॉर्टलिस्टिंग, एसएसबी साक्षात्कार, दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सीय परीक्षा के आधार पर चयन किया जाएगा. सफल उम्मीदवार भारतीय सेना के एसएससी तकनीकी पदों के लिए चयनित होंगे. परीक्षा तिथि और परिणाम की जानकारी वेबसाइट पर बाद में अपडेट की जाएगी और प्रवेश पत्र परीक्षा से पहले जारी किया जाएगा.